
**मनमानी** तय पैमाने से भटक रहा निगम, कही पूरा तो कही आधे में निपटा रहा काम

## दुकानों के हिसाब से चल रही निगम, आंगन को पेवर ब्लॉक से सजा रहे जिम्मेदार






**जबलपुर, नवभारत।** शहर के भंडारी अस्पताल मार्ग से रसल चौक के बीच सड़क किनारे पैदल चलने वालों के लिए लगाए जा रहे पेवर ब्लॉक कार्य में अनियमितता बरती जा रही है। यहां निगम पर आरोप लगाया जा रहा है कि कुछ प्रतिष्ठित दुकानों के सामने पूरे आँगन में पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे है, तो वही सड़को के किनारे सिर्फ चार मीटर के हिस्से में ही पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे है। अब आलम यह है कि पेवर ब्लॉक लगाने से पहले सड़को के दोनों ओर 3 - 3 फुट तक खुदाई कर दी गई है और पेवर ब्लॉक सिर्फ चार मीटर के हिस्से में ही लगाए जा रहे है। जिसके चलते अब पैदल और चार पहिया वाहन खड़े करने वाले दुविधा में पड़ गए हैं। वही कुछ रहवासियों और जानकारों ने यह भी आरोप लगाए कि लोनिवि जिम्मेदारों को थोड़ी सी दक्षिणा देकर अपने अपने प्रतिष्ठानों के सामने पेवर ब्लॉक लगवाए जा सकते है। अब सवाल ये उठता है कि जब निगम द्वारा पेवर ब्लॉक लगाने का एक पैमाना तय कर दिया गया है, तो फिर उससे बाहर जाकर कार्य क्यों और किसके कहने पर किए जा रहे है?

### फैक्ट फाइल

- पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य
- कहां से कहां तक - भंडारी अस्पताल से रसल चौक
- अनुमानित लागत - लगभग 25 से 30 लाख के बीच
- पेवर ब्लॉक लगाने की चौड़ाई - लगभग 4 मीटर

### अभी के ताजा हालात

फिलहाल अभी चौथा पुल मार्ग के दोनों ओर सड़को को खोदकर अप मार्ग में पेवर ब्लॉक लगा दिये गये है। वही डाउन मार्ग में पड़े मलवे को उठाने का कार्य धीमी गति से चल रहा है। अब देखने वाली बात ये होगी कि, डाउन मार्ग में भी एक से बढ़कर एक प्रतिष्ठित दुकाने मौजूद है। क्या निगम अब भी तय पैमाने के हिसाब से चलेगी या फिर थोड़े के लालच में मनमाने ढंग से लीपापोती कर आगे बढ़ जाएगी।



### इनका कहना है

भंडारी अस्पताल मार्ग से लेकर रसल चौक तक पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य किया जा रहा है। अगर किसी दुकानदार द्वारा आगे तक ब्लॉक लगाने के लिए बोला जाता है तो निगम द्वारा आगे बढ़कर पेवर ब्लॉक लगा दिये जाते है।

**शैलेंद्र मिश्रा**
**कार्य. यंत्री, लोनिवि**

## गौरीघाट गया संचालक, मोबाईल दुकान में भड़की आग

**घमापुर इलाके में हादसा, फायर अमले ने आग पर पाया काबू**



**नवभारत, जबलपुर। घमापुर गोपाल कृष्ण मंदिर के बाजू से स्थित राहुल मोबाइल दुकान में शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे शॉट सर्किट की वजह से आग भड़क उठी। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग की लपटें देख स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर अमले को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के दो वाहनों के जरिए आग पर काबू पाया गया।**

इस संबंध में दुकान संचालक अजय गुप्ता ने बताया कि वे प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को गौरीघाट दर्शन करने गए थे कि तभी उनकी दुकान में शॉट सर्किट की वजह से आग लग गई जिससे दुकान में रखी 2 टीवी, 2 फ्रिज और कीमती मोबाइल जलकर खाक हो गए हैं।

### बाइक दुकान में भी लगी आग





रद्दी चौकी स्थित आरके बाईक एंड वॉशिंग सेंटर में देर रात शॉट सर्किट की वजह से अचानक आग भड़क उठी जिससे दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। आग लगते की खबर मिलते ही आसपास के लोगों ने तत्काल फायर अमले को बुलाया जिसके बाद फायर अमले ने आग पर कड़ी मशक्कत से काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने नवभारत को बताया कि रद्दी चौकी स्थित आरके बाईक एंड वॉशिंग सेंटर के बाजू में फलक फर्नीचर की दुकान स्थित थी अगर आग यहां तक पहुंचती तो किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था। जानकारी के अनुसार फायर अमले ने समय पर बाइक दुकान में भड़की आग पर काबू पाया जिस कारण आसपास आग कहीं दूसरी जगह नहीं फैल पाई।

## रेल संचालन बाधित नहीं होना चाहिए : रेलवे बोर्ड



**जबलपुर, नवभारत।** केंद्र सरकार की ओर से लागू की गई चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) के विरोध में देश भर में केंद्रीय श्रमिक संगठनों ने 12 फरवरी को राष्ट्रीय आम हड़ताल की घोषणा की है। इस हड़ताल को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने सभी रेल जोनों के जीएम को पत्र जारी कर एहतियात बरतने के निर्देश दिये हैं रेलवे बोर्ड ने सभी महाप्रबंधकों को लिखे पत्र में कहा है, जिसमें कहा गया है कि सेंट्रल ट्रेड यूनियनों और सेक्टोरल फेडरेशन और एसोसिएशन के जॉइंट प्लेटफॉर्म ने 12 फरवरी को आम हड़ताल का आह्वान किया है, ताकि अपनी विभिन्न मांगों को पूरा करवाया जा सके, जिसमें 04 लेबर कोड को वापस लेना, पब्लिक सेक्टर के उद्यमों का निजीकरण रोकना और सरकारी विभागों का कॉर्पोरेटाइजेशन आदि शामिल हैं इसे देखते हुए, अनुशासन बनाए रखने और रेल आवाजाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए ज़रूरी कदम उठाए जाने चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि रेलवे कर्मचारियों को हेडक्वार्टर छोड़ने के लिए अपने सक्षम अधिकारी से ज़रूरी अनुमति लेनी होगी।

### ये है प्रावधान

उनका ध्यान संबंधित दंडात्मक प्रावधानों यानी रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 173, 174 और 175 की ओर दिलाया जाना चाहिए, जो बिना अनुमति के ट्रेन छोड़ने, ट्रेन के चलने में बाधा डालने और नियमों का पालन न करके लोगों की सुरक्षा को खतरे में डालने के मामलों में लागू होते हैं।

**जिम में हुई दोस्ती और फिर धोखे में बदली**

## रेस्टोरेंट मालिक ने युवती की लूटी अस्मत



**नवभारत, जबलपुर।** रेस्टोरेंट मालिक और युवती के बीच जिम में हुई दोस्ती पहले प्रेम और फिर धोखे में बदल गई। रेस्टोरेंट मालिक ने शादी का झांसा देकर युवती की अस्मत लूटी इसके बाद वादे से मुकर गया। जिसके बाद मामला अब थाने पहुंच गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपित के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक रांझी निवासी 23 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गोरखपुर निवासी सुमित बर्मन 25 वर्षीय से उसकी दोस्ती पिछले साल जिम में हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी। सुमित रेस्टोरेंट मालिक है। जिसने उसे प्रेम जाल में फंस लिया। फरवरी 25 में उसने मदनमहल स्थित होटल में मिलने बुलाया और शादी का झांसा देकर जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद अगस्त 25 तक कई बार उसने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाये। अब जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो वे अपने वादे से मुकर गया। साथ ही शिकायत करने पर उसे डराया धमकाया। जिसके बाद अब पीड़िता मदनमहल थाने पहुंची और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

### बदनाम करने युवती की बनाई फेक फेसबुक आईडी

**नागपुर के सिरफिरे आशिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज**

**नवभारत, जबलपुर।** नागपुर निवासी एक युवक ने पहले शहर में रहने वाली युवती से दोस्ती की इसके बाद उसे प्रेम जाल में फंसा लिया। लेकिन जब युवती ने शादी से मना किया तो वे बौखला गया। सिरफिरे आशिक ने युवती को बदनाम करने के इरादे से उसकी फेक फेसबुक आईडी बनाई और अश्लील फोटो वायरल कर दी। पुलिस ने रि पोर्ट पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। सिवलि लाइन पुलिस के मुताबिक मूलत: डिंडौरी निवासी 23 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे जबलपुर सिविल लाइन में रहकर रादुविवि में पढ़ाई कर रही है। अक्टूबर 2025 में सोशल मीडिया के जरिए उसकी दोस्ती नागपुर निवासी विवेक परस्ते से हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच बाचतीत होने लगी थी। दोस्ती प्रेम में बदल गई। इसके बाद दोनों से मुलाकात भी करने लगे थे। इस दौरान दोनों के निजी पलों की फोटो वीडियो भी विवेक ने बनाई थी। जिसके बाद वे युवती पर शादी के लिए दबाव बनाने लगा। कोर्ट मैरिज के लिए कहने लगा। मना करने पर उसे डराने धमकाने लगा जब युवती ने शादी से मना किया तो विवेक ने साजिश के तहत युवती को बदनाम करने उसके नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाई और अश्लील फोटो वायरल कर दी। जब युवती को इसका पता चला तो वे सीधे थाने पहुंची और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## पुलिस की घेराबंदी देख बदमाश ने स्कूटी की स्पीड बढ़ाई, डिवाइडर से टकराकर घायल



**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत बेदी नगर छुईखदान में फायरिंग करने वाले आरोपी को पकड़ने पुलिस ने लम्हेटा रोड पर घेराबंदी की तो स्कूटी सवार आरोपी ने वाहन की स्पीड बढ़ा दी और वह डिवाइडर से जाकर टकरा गया। हादसे में उसे चोटें आ गई जिसे उपचार के लिए पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। आरोपी पर 11 अपराध दर्ज हैं। आरोपी शिब्बू खान हत्या केस में जमानत पर छूटा था और गोलीकांड को अंजाम देकर फरार हो गया था।

विदित हो कि लालू पटेल 36 वर्ष निवासी छुई खदान ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह बिल्डिंग साईट पर देखरेख का काम करता है। शिब्बू उसके घर से लगभग 400 मीटर उपर पहाडी पर रहता है जो बदमाश है। कुछ दिन पहले ही दिनेश झारिया के मर्डर के मामले में जमानत पर छूटकर आया है। सोमवार रात्रि प्रान्सू पासी के पान के टपरे के पास आकर खड़ा हुआ था तभी वेदी नगर की तरफ से 2 बिना नबर की एक्सिस स्कूटी में शिब्बू, अतुल साहू, अंशुल, बल्लू उर्फ सक्षम तिवारीआये थे। चारो कहने लगे कि आज कल बहुत कमाई कर रहा है, यदि इस मोहल्ले में रहना है तो हर हफ्ते पैसे देना पड़ेगा नहीं तो तुम्हें जान से खत्म कर देंगे, उसने पैसे देने से मना किया, तो बल्लू उर्फ सक्षम तिवारी अपने पास से चाकू निकालने लगा तभी शिब्बू खान ने कमर में फंसी पिस्टल से उसे जान से मारने की नियत से उस के ऊपर गोली चला दी थी, गोली उसके बाये ओर से निकल गई थी। इसके बाद सभी भाग गए थे। इसके बाद पुन: चारों आए और फिर से फायरिंग कर दी थी।

## यूनिपोल लगाने में हो रही लापरवाही



**जबलपुर, नवभारत।** कैंटोनमेंट बोर्ड द्वारा लगातार लापरवाही कि जा रही है जिसके तहत सड़क पर नियमों की अंदेखी करते हुए पानी की पाइपलाइन के ऊपर यूनिपोल लगाने का कार्य किया जा रहा था। जिसका विरोध पूर्व में केंट विधायक अशोक रोहाणी के द्वारा किया गया था एवं लगने वाले यूनिपोल को रुकवाया गया था कैंटोनमेंट बोर्ड द्वारा लगातार मनमानी करते हुए शुक्रवार को पुन: यूनिपोल लगने का कार्य किया जा रहा था जिस की जानकारी होने पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व पार्षद सुंदर अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष आशीष राव सौरभ गोयल, पवन यादव, वेद महावर, ऋषि बावरिया, राहुल कपूर ,विकास बावरिया, ज्योति रेड्डी, राकेश कलसिया, संजय जैन, नितिन रजक, अभिषेक रजक, भागचंद पटेल, केदार नामदेव द्वारा मौके पर पहुंचकर उक्त कार्यों को रुकवाया गया एवं खुदे हुए गड्ढे को पूरने का कार्य भी किया गया।

## पुलिस की रेड, दो पकड़ाए, बाकी भागे

**जबलपुर।** लार्डगंज पुलिस ने संजय नगर में सजे जुआ फड़ पर छापा मार कार्रवाई कर दी। इस दौरान दो जुआरियों को पुलिस ने दबोच लिया जबकि बाकी पुलिस को चकमा देकर भाग निकले। जानकारी के मुमताबिक संजय नगर रोड किनारे स्ट्रीट लाईट के उजाले में संतोष साहू के घर के पास ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत दाव लगाकर जुआ खेल रहे मनोज पटेल उर्फ मुन्ना निवासी जीरो डिग्री एवं राजेन्द्र यादव निवासी संजयनगर यादव कालोनी को पकड़ा गया जिनके कब्जे से नगद 7 हजार 590 रूपये जप्त किए गए जबकि बाकी जुआरी पुलिस को चमका देकर भाग निकले।

**महिला को ताने मार प्रताड़ित कर पति, सास ने घर से निकाला**

## दहेज दिया नहीं, बेटी को जन्म देकर बढ़ा दिया खर्चा

**जबलपुर।** दहेज में एक लाख मांगे थे उसे तो दिया नहीं बेटी को जनम देकर खर्चा बढ़ा दिया। ये ताने दहेज लोभी सास, पति देकर महिला को प्रताड़ित करते थे इसके बाद उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने अब महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को श्रीमति रागिनी चौधरी 23 वर्ष निवासी ग्राम कटियाघाट थाना बरेला ने लिखित शिकायत की कि उसकी शादी 15 अप्रैल 22 को हिन्दू रीति रिवाज से अनुराग चौधरी निरवासी कटियाघाट बरेला से हुई थी शादी के बाद से पति अनुराग चौधरी, सास सविता चौधरी के द्वारा घरेलू बातों एवं शादी में कम दहेज लाने पर उसे परेशान करना शुरू कर दिये थे, 15 जुलाई 22 को पति अनुराग के साथ मायके मड़ई रांझी आयी तभी उसका पति उससे अपने माता पिता से दहेज में एक लाख रूपये की मांग कर रहा था उसने अपने माता पिता को बतायी तो उ न्होंनें मना कर दिया था इसी बात पर पति उसे ससुराल ले जाकर गाली गलोज कर मारपीट करता था, बच्ची के जन्म के बाद पति एवं सास उसे और प्रताड़ित करने लगे बोले कि दहेज की मांग पूरी नहीं की और बच्ची को जन्म देकर खर्चा बढ़ा दिया है हमें लड़का चाहिये था, वह अपना वैवाहिक जीवन बचाने के लिये प्रताड़ना सहती रही। तीन फरवरी को पति, सास ने मारपीट कर उ से घर से निकाल दिया है। आरोपी पति अनुराग चौधरी एवं सास सविता चौधरी दोनों निवासी कटियाघाट गौर चौकी बरेला के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## सूने मकान का ताला तोड़कर जेवर, नगदी ले गए चोर

**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत चौधरी मोहल्ला में चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर जेवर एवं नगदी पार कर दी। पुलिस ने बताया कि अंकुश नंदेसरिया 30 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला पाटन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि परिवार सहित तारादेही बमनोदा रिश्तेदार में शादी समारोह में गया था। जब घर वापस आकर बाउण्ड्री में लगे गेट का ताला खोलकर जाकर देखा तो मकान के दरवाजे में लगा ताला टूटा था अंदर जाकर देखा कमरों में रखी आलमारियों के लॉक टूटे थे मॉ कल्पना नंदेसरिया की आलमारी में रखे सोने का 1 मंगलसूत्र, 2 जोड़ी झाले, 4 अंगूठी, चांदी की 5 जोड़ी पायल, नगदी 1 लाख रूपये गायब थे कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर घर में घुसकर सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी सहित चोरी कर ले गया है।

## सुधारने की बजाय आराम फरमाते रहे निगम के कर्मचारी



**आनंद नगर के पास पाइप लाइन फूटने का मामला अमले की मौजूदगी में घंटों बहता रहा पानी**

**नवभारत, जबलपुर।** आंनद नगर अधारताल के पास नगर निगम कर्मचारियों का एक ऐसा उदासीन रवैया सामने आया जिसने जिम्मेदार अधिकारियों के तमाम विकास के दावे और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के तरीके पर सवालिया निशान लगा दिए। हुआ यूं कि आनंद नगर रोड के पास पानी की पाइप लाइन अचानक फूट गई। पानी सड़क पर बहता देख स्थानीय दुकानदारों व लोगों ने नगर निगम के जिम्मेदारों को फोन लगाकर सूचना दी और मांग की पाइप लाइन का सुधार कार्य किया जाए। जानकारी के अनुसार सूचना मिलने के बाद मौके पर नगर निगम का अमला तो पहुंचा लेकिन काम करने नहीं आराम फरमाने। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में स्पष्ट देखा गया कि नगर निगम का अमला एक तरफ बैठकर आराम फरमा रहा है और दूसरी तरफ पाइप लाइन से बड़ी मात्रा में पानी व्यर्थ ही बह रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने भी नवभारत को बताया कि नगर निगम का अमला मौके पर तो आ गया लेकिन वह आराम फरमाता रहा जिस कारण सुधार कार्य में बहुत देरी हुई और बड़ी मात्रा में पाइप लाइन से पानी बहता रहा। पूरे मामले में अब देखना होगा कि निगमायुक्त द्वारा लापरवाह निगम के कर्मचारियों पर किस तरह की कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। पाइप लाइन फूटने के मामले में कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने अभी तक चुप्पी साधी हुई है।

**कार्यवाही** शहर के कई इलाकों में चला अतिक्रमण विरोधी अभियान

## चारों तरफ से हटाए गए अवैध कब्जे



**नवभारत, जबलपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने नगर निगम द्वारा लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाकर मार्गो को अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है। कार्रवाई की इसी श्रृंखला में शुक्रवार को निगम मजिस्ट्रेट अरूण कुमार गोयल की अगुवाई में नगर निगम टीम के द्वारा कार्यवाही की गयी। अतिक्रमण प्रभारी मनीष कुमार तड़से ने बताया कि अतिक्रमण टीम ने इंदिरा मार्केट से लेकर रेलवे स्टेशन परिसर तक सघन अभियान चलाया, मौके पर ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 7 हजार रुपये की चालानी कार्रवाई की गई और फुटपाथ और सड़कों पर अवैध रूप से रखी गई सामग्री को निगम ने जब्त कर लिया है। उन्होंने ये भी बताया कि निगम की टीम ने कई ऐसे हॉट स्पॉट्स को निशाना बनाया जहाँ लंबे समय से यातायात बाधित हो रहा था, आई.टी.आई. चुंगी नाका से एक टेंट हाउस द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया और संचालक पर जुर्माना लगाया गया।

### इन इलाकों में भी हुई कार्रवाई

शहर को अतिक्रमण मुक्त और सुगम यातायात के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में दोबारा समदड़िया मोल सिविक सेंटर के सामने अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की गई, छोटी लाइन वासु होटल के आस-पास के इलाके अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। वहीं रामपुर छापर पर यातायात में बाधित आम रास्ते पर किया जा रहा अनधिकृत अतिक्रमण ध्वस्त किया गया, दंगल मैदान में बन रही सार्वजनिक बाउंड्रीवॉल के निर्माण में बाधित ठेले टपरे वालो को हटाया गया। कार्रवाई के समय सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया, श्रीमती एकता रघुवंशी, सहायक परिवहन एवं यातायात प्रबंधन अधिकारी दीपेंद्र सिंह रावत, दल प्रभारी एवं कर्मचारीगण लक्ष्मण कोरी, नदीम खान, जोसफ प्रवीण, अंकित पारस, वीरेंद्र मिश्रा, कुलदीप त्रिपाठी, दुर्गा राव, अभिषेक समुद्रे, ब्रज किशोर तिवारी एवं अन्य संबंधित स्टाफ उपस्थित रहा।